दर में पिछले वर्ष की इस अवधि के दौरान की उत्पादन-दर की तुलना में कितनी कमी आयी है ;

(घ) क्या सरकार ने भविष्य में इस उत्पादन-दर को बढ़ाने के लिए किसी नए उपाय पर विचार किया है; और

(ङ) यदि हां, तो उसका पूरा ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० जे० कुरियन) : (क) और (ख) जी, हां । उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग प्रत्येक माह 155 उद्योगों का अध्ययन करता है जो औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आई०आई०पी०) का 85.5 प्रतिशत भाग है । अप्रैल-नवम्बर, 1991 से संबंधित नवीनतम अध्ययन से यह पता चलता है कि 81 उद्योगों ने, जिनका आई आई पी में 61.3 प्रतिशत भाग है, सकारात्मक विकास दरें दर्शायी थी जबकि उन 74 उद्योगों का 24.2% भाग है । जिन्होंने सकारात्मक विकास दरें दर्शायी थीं ।

(ग) अप्रैल-नवम्बर, 1990 में परिवर्तन दर की तुलना में अप्रैल-नवम्बर 1991 के दौरान परिवर्तन दर का प्रतिशत निम्न प्रकार है :—

उद्योग	परिवर्तन की प्रतिशत दर	
	अप्रैल-नव. 1990	अप्रैल-नव. 1991
उर्वरक	17.3	3.1
सीमेंट	5.6	9.0
आधारभूत धातु	2.7	8.6
उपभोक्ता विकास वस्तुयें	17.1	(−)11.7

(घ) और (ङ) सरकार ने एक औद्योगिक नीति वक्तव्य प्रकाशित किया है जो 24 जुलाई, 1991 को लोक सभा में रखा गया था । नयी औद्योगिक नीति का उद्देश्य नियन्त्रणों में ढील देकर और नौकरशाही विलंबों को दूर करके औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि करना है । सरकार द्वारा आयात प्रतिबंधों में ढील देकर कच्चा-माल आवश्यक संघटक, आदि उपलब्ध कराये जाने के उपाय किए जा रहे हैं । भारतीय रिजर्व बैंक ने इस बारे में कुछ घोषणायें पहले ही कर दी हैं । सरकार पर्याप्त ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने, अवसंरचनात्मक क्षेत्र का कार्यनिष्पादन सुधारने और बेहतर औद्योगिक वातावरण बनाने का भी प्रयास कर रही है ।

सरकारी क्षेत्र के अधीन औद्योगिक एकक

516. श्री रणजीत सिंह :
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :
श्री राम जेठमलानी :
सरदार अजीत सिंह अरोड़ा :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मार्च, 1991 के अन्त में सरकारी क्षेत्र के अधीन कुल कितने औद्योगिक एकक थे ;

(ख) 31 मार्च, 1991 तक इन उद्योगों में कुल कितनी धनराशि का निवेश किया गया था और इनमें वर्ग-वार कितने-कितने कर्मचारी थे ।

(ग) उपर्युक्त निवेश राशि में से कितनी धनराशि ब्याज पर उधार ली गई थी और उस पर ब्याज की वार्षिक दर कितनी थी ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इन उद्योगों ने वर्ष 1990–91 के दौरान शुद्ध लाभ भी कमाया है; और

(ङ) यदि हां, तो शुद्ध लाभ की राशि कितनी थी ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० चुंगन) : (क) से (ङ) 2 मार्च, 1991 के अंत तक केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की संख्या उनमें किये गये कुल पूंजीनिवेश, ऋणों, कर्मचारियों की संख्या, लाभों आदि के बारे में ब्यौरा लोक उद्यम सर्वेक्षण 1990-91 के एक भाग के रूप में चालू सत्र के दौरान संसद में प्रस्तुत किया जायेगा।

Industrial Growth rate

517. SHRI V. NARAYANASAMY ; SHRI DHULESHWAR MEENA : SHRI MENTAY PADMANABHAM : SHRI RAM JETHMALANI; SARDAR JAGJIT SINGH AURORA :

"Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the general index of industrial production recorded a decline of 0.7 per cent in the first 6 months of 1991-92 as compared with a growth of 8.6 per cent during the corresponding period of the last year ;

(b) whether the manufacturing sector has also registered a decline of 1.9 per cent during the same period as compared with a growth of 13.6 per cent ;

(c) if so, what are the reasons therefor and the projections for the remaining period of year 1991-92 ; and

(d) whether the New Industrial Policy has encouraged more industrial development and improvement in the production by the existing industries if so, the details thereof and other steps taken in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN T HE MINISTRY OF INDUSTRY S HRI P. J. KURIEN) ; (a) and (b). According to the Index of Industrial Production compiled by Central Statistical Organisation the overall rate of growth during April-September 1991 was(—) 0.9% as against a growth of 11.6 % in the correspon-ing period of last year. In the manufacturing sector the rate of growth during April-September 1991 was (:—) 2.2% compared to growth of 13.6% during the same period of last year.

(c) There are various factors like infrastructuarl constraints, shortage of raw materials particularly of imported raw materials because of foreign exchange constraints, credit squeeze, a demand recession in the market, etc.

(d) It is too early to judge the impact of New Industrail Policy on the overall industrial growth. However, as per Index of Industrial Production from CSO, the overll rate of growth during April-June, 1991, was (—) 2.3% which has improved to 0.3% during Julv-October, 1991.

अखबारी कागज का आयात

518. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या सरकार घरेलू आवश्यकता को पूरा करने के लिए अखबारी कागज का आयात बढ़ाने का विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार अखबारी कागज के वितरण संबंधी विद्यमान नीति का पुनर्गठन करने के लिए समाचार पत्र उद्योग की मांगों पर गंभीरता से विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?